प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 04.06.2025 समय : 09:00 ए.एम.

..............

- प्रदेश में भूजल स्तर बढ़ाने तथा जल संचयन के लिए कल से वंदे गंगा जल संरक्षण–जन अभियान चलाया जायेगा।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा– प्रदेश के 16 शहरों को क्लीन और ग्रीन सिटी के रूप में विकसित किया जायेगा।
- राज्य के अधिकांश स्थानों पर पश्चिमी विक्षोभ के असर से आंधी और बारिश की गतिविधियां जारी।
- आईपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पहली बार अपने नाम किया।

..............

प्रदेश में भूजल स्तर बढ़ाने तथा जल संचयन के लिए कल से वंदे गंगा जल संरक्षण–जन अभियान चलाया जायेगा। विश्व पर्यावरण दिवस और गंगा दशहरा के शुभ संयोग पर 5 जून से इस अभियान की शुरूआत होगी। इस अभियान के दौरान आमजन को पर्यावरण के महत्व के प्रति जागरूक किया जाएगा और उन्हें अभियान से जोडने के प्रयास किये जायेंगे ताकि यह अभियान जन आंदोलन बन सके। एक रिपोर्ट–

..............

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा कल सुबह जयपुर के रामगढ़ बांध पर मोरी के पास गोपालगढ़ गांव में श्रमदान करेंगे तथा अमृतम जलम अभियान कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित करेंगे। वे् बूंदी के गोहाटा पहुंचकर रामजल सेतु लिंक परियोजना के तहत बनने वाली एक्वाडक्ट का निरीक्षण करेंगे। यहां से वे केशोरायपाटन में चम्बल घाट कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे जहां वे गंगा लहरी, चुनरी महोत्सव तथा कलश यात्रा में शिरकत करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री भरतपुर जायेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि श्री शर्मा गंगा मदिर में विशेष पूजा, महाभोग तथा तुलसी पौधा वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित होगें।

..............

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि प्रदेश के 16 शहरों को क्लीन और ग्रीन सिटी के रूप में विकसित किया जायेगा। उन्होंने कहा है कि इन शहरों को केन्द्र सरकार की स्मार्ट सिटी योजना की तर्ज पर विभिन्न विकास कार्य करवाकर मॉडल के रूप में बनाया जायेगा। श्री शर्मा कल मुख्यमंत्री निवास पर बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान के विजन को प्रभावी गति देने के लिए बजट 2025–26 में सभी जरूरी प्रावधान किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने बजटीय प्रावधानों को तय समय में पूरा करने के लिए सभी विभागों से मिलकर काम करने को कहा। श्री शर्मा ने जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में 500 करोड़ रूपयों की लागत से 100 एनिकट का निर्माण के काम में गति लाने को भी कहा।

..............

कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा की अगुवाई में अधिकारियों ने श्रीगंगानगर में बीज भंडारों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान भारी मात्रा में नकली और अवधिपार बीज जब्त किये गये। मीडिया से बातचीत करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि प्रारंभिक जांच में कई गड़बड़ियां सामने आई हैं। कई बीज भंडार बिना लाइसेंस के चल रहे हैं।

..............

कार्रवाई में कृषि विभाग, स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम शामिल रही। इस दौरान मौके से बीजों के नमूने भी लिये गये, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है।

..............

प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी स्थानों पर पिछले 24 घंटों के दौरान कहीं–कहीं हल्की बरसात दर्ज की गयी।

राजधानी जयपुर सहित कई जगहों पर बारिश का सिलसिला कल दिनभर चला। झालावाड, चूरू, हनुमानगढ, श्रीगंगानगर सहित विभिन्न स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात हुई। सूरतगढ के राजियासर क्षेत्र में ओले भी गिरे। आज भी कई स्थानों पर बादल छाये हुए है और बरसात हो रही है। जयपुर में अल सुबह से रूक–रूक कर हल्की बरसात का दौर जारी है। सवाईमाधोपुर में बीती रात से बारिश हो रही है। कोटपूतली–बहरोड़ में बारिश से मौसम सुहावना हो गया है।

..............

आंधी और बारिश की गतिविधियों से लोगों को तेज गर्मी से निजात मिली है। दिन के तापमान में 5 से 8 डिग्री की गिरावट दर्ज की गयी है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में सीकर और चूरू में अधिकतम तापमान में लगभग 11 डिग्री की गिरावट हुई। विभाग ने आज कोटा, भरतपुर, अजमेर, जयपुर और बीकानेर संभाग में हल्की बरसात की संभावना जतायी है। आंधी बारिश की गतिविधियों में कल से कमी आने के आसार है। वहीं 6 जून से पश्चिमी राजस्थान के अधिकांश भागों में मौसम शुष्क रहने और तापमान में 3–5 डिग्री बढ़ोतरी होने की संभावना है।

..............

पांच दिन की वार्षिक हज यात्रा आज से शुरू हो रही है। भारत सहित दुनिया भर से लाखों लोग सऊदी अरब के पवित्र शहर मक्का से मीना में एकत्रित होने के लिए अपनी यात्रा शुरू कर रहे हैं। वे आज रात वहीं बिताएंगे और कल सुबह हज की मुख्य रस्म अदा करने के लिए अराफात के मैदान की ओर बढ़ेंगे। हज यात्री वहां दिन भर विशेष प्रार्थना करेंगे और शाम में मुजदलेफा की ओर प्रस्थान करेंगे। हज यात्री मुजदलेफा में खुले आसमान के नीचे रात बिताकर अगली सुबह दोबारा मीना लौट जायेंगे।

..............

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। कल रात अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गये फाइनल मैच में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलूरू ने पंजाब किंग्स को 6 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी ने निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट पर 190 रन बनाए। आईपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान सबसे अधिक रन बनाने के लिए गुजरात टाइटन्स के साई सुदर्शन ने ऑरेंज कैप अवार्ड जीता, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा को इस सीज़न में सबसे अधिक विकेट लेने के लिए पर्पल कैप अवार्ड से नवाजा गया। मुंबई इंडियंस के सूर्य कुमार यादव को पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर का पुरस्कार दिया गया।

..............